## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 25.04.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1- झारखंड के दूसरे चरण के तीन सीटों के लिए कल जारी होगी अधिसूचना, चतरा, कोडरमा और हजारीबाग लोकसभा सीट के लिए कल से तीन मई तक भरे जाएंगे नामांकन पत्र।
2- इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी सुखदेव भगत आज लोहरदगा लोकसभा सीट के लिए नामांकन पत्र दाखिल करेंगे।
3- राज्यभर में लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए प्रशासन द्वारा कई जिलों में चलाया गया मतदाता जागरूकता कार्यक्रम।
4- राष्ट्रीय मनवाधिकार आयोग–एनएचआरसी ने त्वरित फोरेंसिक जांचों के लिए देश में उन्नत प्रयोगशालाओं की संख्या बढ़ाने पर दिया जोर।
5- शंघाई में चल रहे विश्व तीरंदाजी चौंपियनशिप के रिकर्व स्पर्धा में भारतीय पुरूष टीम कोरिया के साथ फाइनल मैच खेलेगी।

*******************

देशभर के पांचवें चरण, जबकि झारखंड के दूसरे चरण के लिए 26 अप्रैल से तीन सीटों के लिए नामांकन शुरू होगा। 26 अप्रैल को अधिसूचना जारी की जाएगी। चतरा, कोडरमा और हजारीबाग लोकसभा सीट के लिए 26 अप्रैल से तीन मई तक आवेदन भरे जाएंगे। इन सीटों के लिए चार मई को नामांकन पत्रों की जांच होगी, जबकि छह मई को नाम वापस लिये जा सकेंगे। 20 मई को चतरा, कोडरमा और हजारीबाग सीट के लिए वोट डाले जाएंगे। चतरा से एनडीए ने कालीचरण सिंह और इंडी गठबंधन ने पूर्व विधायक केएन त्रिपाठी को प्रत्याशी बनाया है। वहीं, हजारीबाग में एनडीए ने विधायक मनीष जायसवाल को और इंडी गठबंधन ने भाजपा से आए विधायक जय प्रकाश भाई पटेल को प्रत्याशी बनाया है। इसके अलावा कोडरमा से सांसद अन्नपूर्णा देवी एनडीए से और विधायक विनोद सिंह भाकपा माले से पर्चा भरेंगे।

*******************

इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी सुखदेव भगत आज लोहरदगा लोकसभा सीट के लिए नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। उन्होंने नामांकन दाखिल करने से पहले सरना पूजा स्थल झखरा कुंबा, और हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना और हजरत बाबा दुखन शाह के मजार पर माथा टेकने के बाद मीडिया से बात की। सुखदेव ने कहा कि यह चुनाव संविधान, लोकतंत्र और आदिवासी अस्मिता बचाने की लड़ाई है। इंडिया गठबंधन में शामिल झारखंड मुक्ति मोर्चा के विधायक चमरा लिंडा द्वारा निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन दाखिल करने पर सुखदेव भगत ने कहा कि चमरा लिंडा उनके छोटे भाई हैं, नादान हैं। उन्हें अपनी गलती का एहसास होगा।

*******************

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए कल वोट डाले जाएंगे। 13 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 88 लोकसभा सीटों के लिए 26 अप्रैल को मतदान होगा, इसमें बाहरी मणिपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के शेष भाग भी शामिल है। बाहरी मणिपुर लोकसभा क्षेत्र से चार उम्मीदवार चुनाव मैदान में है। केरल की 20, कर्नाटक की 14, राजस्थान की 13, उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र की आठ–आठ, मध्य प्रदेश की छह सीटों पर मतदान होगा। असम और बिहार की पांच–पांच, पश्चिम बंगाल और छत्तीसगढ़ की तीन–तीन तथा मणिपुर की एक सीट पर 26 अप्रैल को वोट डाले जाएंगे। 13 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के कुल एक हजार एक सौ 98 उम्मीदवार मैदान में हैं। त्रिपुरा और जम्मू–कश्मीर में भी इसी चरण में मतदान होगा। मध्य प्रदेश की बैतूल आरक्षित संसदीय सीट पर बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी के निधन के कारण दूसरे चरण का मतदान स्थगित कर दिया गया है अब यहां तीसरे चरण में मतदान होगा।

*******************

लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के लिए नामांकन भरने की आज अंतिम तिथि है। कल नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। उम्मीदवारों को 29 अप्रैल तक अपने नाम वापिस लेने की अनुमति होगी। इस चरण में 13 मई को नौ राज्यों और एक केंद्रशासित प्रदेश में 96 लोकसभा सीटों के लिए चुनाव होगा। इस चरण में उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार, झारखंड, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और जम्मू कश्मीर में मतदान होगा।

*******************

राज्य में चार चरणों में होने वाले लोकसभा चुनाव को देखते हुए संबंधित संसदीय क्षेत्रों और संबधित जिलों में मतदान के दिन सार्वजनिक अवकाश घोषित कर दिया गया है। इस दिन बैंक भी बंद रहेंगे। इस संबंध में मंत्रिमंडल निर्वाचन विभाग के पत्र के बाद कार्मिक विभाग ने अधिसूचना जारी की है।

*******************

सर्वोच्च न्यायालय ने कल इवीएम से डाले गये वोटों का वीवीपैट के साथ मिलान करने के अनुरोध वाली याचिकाओं पर सुनवाई पूरी कर ली। कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायाधीश दीपांकर दत्ता की पीठ ने निर्वाचन आयोग के एक अधिकारी से इवीएम की कार्यप्रणाली के संबंध में पांच प्रश्न पूछे थे।

*******************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts

और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

प्रादेशिक समाचार आप आकाशवाणी रांची से सुन रहे हैं।

*******************

लोकसभा चुनाव में मतदाताओं की भागीदारी तथा मतदान प्रतिशत बढाने के लिए निर्वाचन आयोग के निर्देश के आलोक में लगातार जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। राज्यभर में कई जिलों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाकर मतदाताओं को वोट डालने के लिए प्रेरित किया गया। लोकसभा आम निर्वाचन तथा गांडेय विधानसभा उप चुनाव के निमित्त गिरिडीह जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए व्यापक जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में आज मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत झंडा मैदान से रन फॉर वोट/रन फॉर डेमोक्रेसी का आयोजन किया गया। इधर सरायकेला जिले के विभिन्न पंचायतों में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने के लिए आम लोगों को प्रेरित किया गया। मतदाताओं से अपने मताधिकार का प्रयोग कर एक सशक्त लोकतंत्र के निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की गई। उधर जामताड़ा में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने को लेकर जिले के अति आवश्यक सेवाओं से जुड़े कर्मियों के साथ–साथ मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को भी पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान करने की सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में पहल की जा रही है। जिला

निर्वाचन पदाधिकारी ने पोस्टल बैलट से मतदान के संबंध में भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा जारी दिशा निर्देशों से राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को अवगत कराया और आवश्यक पहल करने की अपील की। रामगढ़ जिले में भी अति आवश्यक सेवाओं से जुड़े कर्मियों के साथ–साथ मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को भी पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान करने की सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में पहल की जा रही है। 13 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में लोहरदगा संसदीय क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले गुमला जिले में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने जिले के युवाओं से आम मतदाताओं में जागरुकता लाने की अपील की है।

*******************

रामगढ़ जिले में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने को लेकर जिला प्रशासन द्वारा हर संभव प्रयास किये जा रहे हैं। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

साउंड बाईट–कौशल किशोर तिवारी, रामगढ़–47 सेकेंड

*******************

राष्ट्रीय मनवाधिकार आयोग–एनएचआरसी ने त्वरित फोरेंसिक जांचों के लिए देश में तकनीकी रूप से उन्नत प्रयोगशालाओं की संख्या बढाने की मांग की है। एनएचआरसी द्वारा आपराधिक न्याय प्रणाली सुधारों पर आयोजित एक बैठक में कहा गया कि जांच और फोरेंसिक जांच एक–दूसरे से अलग होने के बजाय एक प्रक्रिया का हिस्सा होनी चाहिए। इस बैठक में, फोरेंसिक रिपोर्ट में होने वाली देरी, अभियोजन प्रणाली में सुधार, और आपराधिक न्याय प्रणाली में प्रयोग होने वाली भाषा के सरलीकरण पर ध्यान केंद्रित किया गया।

*******************

पाकुड़ में आगामी एक जून को होने वाले मतदान की तैयारी का जायजा लेने के लिए डीआईजी सीआरपीएफ संथाल परगना सह नोडल पदाधिकारी जयदेव केसरी पाकुड़ पहुँचे। राजमहल लोकसभा सीट पर सातवें चरण में होने वाले मतदान को लेकर डीआईजी सीआरपीएफ ने उपायुक्त तथा पुलिस अधीक्षक के साथ चुनाव की तैयारी के संबंध में विस्तार से चर्चा की।

*******************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और उप–राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने उत्तरप्रदेश की हाथरस लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी के सांसद राजवीर सिंह दिलेर के निधन पर शोक व्यक्त किया है।

*******************

शंघाई में चल रहे विश्व तीरंदाजी चैंपियनशिप के पुरूष रिकर्व टीम इवेन्ट के फाइनल में भारत का मुकाबला दक्षिण कोरिया से होगा। वहीं आज दक्षिण कोरिया ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दो गोल्ड मेडल हासिल किया। वहीं चीनी ताइपे ने भी आज मेडल के साथ शानदार शुरूआत की।

*******समाप्त***********